एफ संख्या :02/एक्जीबीशन/आईईसी/एफएसएसएआई-2019-20

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

तृतीय तल, एफडीए भवन,

कोटला रोड,

नई दिल्ली-110002

दिनांक मार्च, 2020

क्विज : ईट राइट इंडिया राष्ट्रीय क्विज लीग (सीजन एक)

बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख बढ़ा दी गई है। निविदा दस्तावेज शीघ्र ही अपलोड किए जाएंगे और बोली प्रस्तुत करने की संशोधित तारीख से तद्नुसार अवगत कराया जाएगा। तथापि, 20.02.2020 को आयोजित बोली-पूर्व बैठक के दौरान की गई पूछताछ के संबंध में उत्तर नीचे दिए गए हैं :

<u>20.02.2020 को आयोजित बोली-पूर्व बैठक के दौरान बोलीदाताओं द्वारा की गई पूछताछ</u>

प्रश्न 1.क्या विद्यालयों के पंजीकरण के लिए कोई मानदण्ड हैं?

उत्तर: मान्यताप्राप्त बोर्डों के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों को ही पंजीकृत किया जाना है।

प्रश्न 2. क्या स्कूलों के पंजीकरण के लिए कोई विशिष्ट शुल्क रखा गया है ?

उत्तर : कोई पंजीकरण शुल्क नहीं है।

प्रश्न 3. जोन के अंतर्गत प्रत्येक शहर के कितने विद्यालयों को पंजीकृत किया जा सकता है?

उत्तर : न्यूनतम 20 विद्यालय प्रति शहर।

प्रश्न 4. इंट्रा, इंटर, शहर, जोनल और राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालयों के चयन के लिए क्विज का आयोजन करने की विधि क्या होगी?

उत्तर: इंट्रा विद्यालय क्विज का आयोजन ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन किया जाएगा। शहर, जोनल और राष्ट्रीय स्तर पर क्विज का आयोजन स्थल पर किया जाएगा।

प्रश्न 5. विद्यालयों की पहचान और उनका सूचीयन कौन करेगा और तद्नुसार क्विज कौन आयोजित करेगा?

उत्तर: अभिकरण द्वारा विद्यालयों के चयन के लिए पहचान की जाएगी और उनकी सूची तैयार की जाएगी तथा क्विज का आयोजन किया जाएगा।

प्रश्न 6. ईओआई के पृष्ठ संख्या 7 पर जोनों की संख्या के रुप में 2 जोन दर्शाए गए हैं। आयोजित चर्चा के दौरान 4 जोन की बात कही गई हैं। कौन सी बात सही है?

उत्तर: इस संशोधन को नोट कर लिया गया है और इसे संशोधित किया जाएगा।